कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री राकेश कुमार सैनी निवासी मंदिर के पीछे, बीच की कोठी, ग्राम नंदेरा, बांदीकुई जिला दौसा राजस्थान– 303313

बनाम

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा

अपील संख्या 42/2025

निर्णय

दिनांक 27.06.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बांदीकुई को पत्र क्रमांकः डीएम/कोर्ट/2025/1363 दिनांक 28.5.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बांदीकुई ने पत्र क्रमांकःआरटीआई/2025/407 दिनांक 06.6.2025 द्वारा वस्तुस्थिति की सूचना अपीलांट को भिजवाते हुए प्रति इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 11:53:09 IST
Reason: SelfAttested